Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 22अगस्त, 2022

दही हांडी को खेल का दर्जा

हाल ही में **दही हांडी** को **महाराष्ट्र में खेल का दर्जा** दिया गया है। इसे एक तरह का **एडवेंचर स्पोर्ट्स** माना जाएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा में बताया कि दही हांडी में शामिल होने वाले गोविंदाओं को **सरकारी योजनाओं का लाभ, सरकारी नौकरियों में 5 फीसदी आरक्षण** दिया जाएगा। गोविंदा को अब बीमा सुरक्षा भी प्रदान की जाएगी। यदि दही हांडी खेलते समय कोई दुर्घटना हो जाती है और ऐसी स्थिति में किसी गोविंदा की मृत्यु हो जाती है तो संबंधित गोविंदा के परिजनों को सहायता के रूप में 10 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। गोविंदा की दोनों आँखें या दोनों पैर या दोनों हाथ या शरीर के कोई दो महत्त्वपूर्ण अंगों पर गंभीर चोट लगने पर राज्य सरकार की ओर से उसे साढ़े सात लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। ऐसे में यदि किसी गोविंदा का हाथ, पैर या शरीर का कोई अंग ख़राब हो जाता है तो ऐसी स्थिति में उसे 5 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। दही हांडी पर्व को मनाने के लिये मिट्टी के घड़े में दही या माखन भरकर उसे रस्सी के सहारे लटका दिया जाता है। इस उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को गोविंदा कहा जाता है। गोविंदाओं की टोली मानव पिरामिड बनाकर रस्सी के सहारे लटके दही और माखन से भरी हुई मटकी को तोड़ने का प्रयास करते हैं। दही हांडी का उत्सव भगवान कृष्ण की आराधना का एक हिस्सा है। इसके माध्यम से भगवान कृष्ण द्वारा बाल अवस्था में की गई लीलाओं और शरारतों का चित्रण किया जाता है। वर्ष 1907 में मुंबई में शुरू हुई दही हांडी की परंपरा नवी मुंबई के पास घनसोली गाँव में पिछले 104 वर्षों से चली आ रही है। दही हांडी उत्सव को देखने के लिये देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग यहाँ आते हैं।

अंतिम पंघल

हरियाणा की 17 वर्षीय **अंतिम पंघल बुलगारिया के सोफिया में अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई हैं।** उन्होंने 53 किलोग्राम वर्ग में कज़ाखस्तान की एटलिन शागायेवा को 8-0 से हराया।**भारत के लिये यह स्वर्ण पदक ऐतिहासिक है क्योंकि भारत को अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप की महिला कुश्ती में अभी तक कोई स्वर्ण पदक नहीं मिला था।** अंतिम पंघल हरियाणा में हिसार ज़िले के भगाना गाँव की निवासी हैं। **सोनम मलिक** ने 62 किलोग्राम और **प्रियंका** ने 65 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप संयुक्त विश्व कुश्ती द्वारा आयोजित शौकिया (Amateur) कुश्ती विश्व चैंपियनशिप हैं। पुरुषों **का ग्रीको-रोमन कुश्ती टूर्नामेंट** वर्ष 1904 में शुरू हुआ और **पुरुषों का फ्रीस्टाइल कुश्ती टूर्नामेंट** वर्ष 1951 में शुरू हुआ। **महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती टूर्नामेंट** पहली बार वर्ष 1987 में आयोजित किया गया था।

इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने मुंबई में भारत की **पहली** एसी डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस (Double Decker Electric Bus) का उद्घाटन किया। **अशोक लीलैंड समर्थित स्विच मोबिलिटी लिमिटेड (Switch) द्वारा निर्मित इस इलेक्ट्रिक डबल-डेकर में अधिक क्षमता है** और यह सिंगल-डेकर बसों की तुलना में लगभग दोगुने यात्रियों को ले जा सकती है। इलेक्ट्रिक बस में **फील गुड इंटीरियर और एक्सटीरियर** के साथ समकालीन स्टाइल है। सिंगल-डेकर बस की तुलना में स्विच इलेक्ट्रिक डबल-डेकर (Switch electric bus) दोगुने यात्रियों का भार **वहन करने में सक्षम है**, जिसमें कर्ब वेट में सिर्फ 18 प्रतिशत की वृद्धि होती है। इसमें पॉवरिंग स्विच 231 kWh क्षमता, 2-स्ट्रिंग, लिक्विड-कूल्ड, उच्च घनत्व NMC केमिस्ट्री बैटरी पैक है जिसमें डुअल गन चार्जिंग सिस्टम है। यह इलेक्ट्रिक डबल डेकर को शहर के भीतर **250 किलोमीटर की सीमा तक** अनुप्रयोग के लिये **सक्षम बनाता है।** भारत में भविष्य में इलेक्ट्रिक बसें बड़े पैमाने पर सार्वजनिक परिवहन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। यह ईंधन आयात बिल को कम करने की सरकार की पहल का समर्थन करेगी। इसके अलावा वायु प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-22-august-2022